CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJ User: cci Time: 03-24-2026 21:45 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 25 मार्च 2026 > चैत्र 4 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल सप्तमी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 70 > पेज 16* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स


एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



आज मां कालरात्रि की पूजा

जंग के बीच पीएम मोदी और ट्रंप में हुई बातचीत

▶देखें अंदर



LANDMARK COLLABORATION
between

OpenAI | UPES

We believe AI is not an add-on
**It is foundational.**

**Our University adopts an AI-First philosophy,**
embedding AI systematically in everything we do.

AI is designed into our systems by default, not by exception.

UPES

AI-FIRST
UNIVERSITY

Integrating Artificial Intelligence and Humane Intelligence

Personal AI Tutor

Integrated Learning Experience with
ChatGPT


AI Program with
EY India and KPMG

APPLY BY MARCH 26, 2026

LEAD THE FUTURE OF AI @ UPES

For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 040 68440685 (10 am to 7 pm)

APPLY NOW




## शालीमार बाग में अवैध बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नॉर्थ वेस्ट जिला पुलिस की फॉरेनर सेल ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शालीमार बाग इलाके से एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि महिला बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में रह रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, 16 मार्च को पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक रोबिउल से पूछताछ में उसका खुलासा हुआ था।


# तेज रफ्तार कार ने महिला को कुचला, SI गिरफ्तार

■ नवीन निश्चल, पंजाबी बाग

**दिल्ली में** तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस बार इस हादसे में खुद दिल्ली पुलिस का एक सब इंस्पेक्टर शामिल है। पंजाबी बाग थाना इलाके में सोमवार आधी रात करीब एक बजे हुए इस एक्सीडेंट में 45 साल की महिला धर्मवती की दर्दनाक मौत हो गई। वह PWD के तहत बने सेंट्रल वर्ज और सड़क पर मजदूरों के साथ सफाई का काम कर रही थी।


धर्मवती

डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने बताया कि यह हादसा 24 मार्च की रात वशिष्ठ कुमार गुलिया मार्ग और नॉर्थ एवेन्यू रोड, पंजाबी बाग पर हुआ। एक तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान लक्की के रूप में हुई है, जो सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के रंजीत नगर थाना में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। पुलिस ने कार को भी सीज कर लिया है।


पंजाबी बाग इलाके में हादसा, महिला अन्य मजदूरों संग कर रही थी काम

### '15 मिनट तक महिला पर पहिया चढ़ा रहा'


**मंगलवार को** महिला के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। मृतका के बेटे अरुण ने बताया कि रात में वह खुद भी वही काम कर रहा था। सड़क का काम पूरा होने के बाद सफाई चल रही थी, तभी तेज रफ्तार कार आई और उसकी मां को टक्कर मार दी। उसने आरोप लगाया कि हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके से भागने लगा, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। मृतका की बड़ी बहन सोमवती के मुताबिक, कार का पहिया करीब 10 से 15 मिनट तक महिला के ऊपर चढ़ा रहा।

लोगों का आरोप है कि हॉस्पिटल पहुंचने के बाद भी आरोपी महिला को छोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने उसका नाम और मोबाइल नंबर नोट कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम हॉस्पिटल पहुंची और लोगों से आरोपी की जानकारी ली।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की जान गई

■ NBT न्यूज, राजौरी गार्डन

**राजौरी गार्डन** थाना के रघुबीर नगर रोड पर सोमवार रात ट्रक से कुचलकर एक स्कूटी सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान उमर खान (20) के रूप में हुई है। वह शाहपुरा इलाके के रहने वाले थे। हादसा घटनास्थल के पास लगे CCTV कैमरों में कैद हो गई। मंगलवार को मृतक युवक की बॉडी का हरी नगर के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद परिवारवालों को सुपुर्द कर दिया गया।


उमर खान

जानकारी के अनुसार यह एक्सीडेंट सोमवार रात 10:30 के बाद हुआ। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।


स्कूटी के स्लिप होने से हुआ हादसा

CCTV फुटेज देखने से लग रहा है कि स्कूटी स्लिप होने पर अचानक स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया। इस दौरान बगल से जा रहे ट्रक के पहिए से कुचलकर उसकी मौत हो गई। काफी देर के बाद ट्रक को लोगों ने पकड़ा।












**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in